इकौना थाना क्षेत्र के सेमगढ़ा गांव स्थित सांधी नाले में आठ दिसम्बर को अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था

प्रेमी ने महिला की हत्या कर शव फेंका था

खुलासा

श्रावस्ती, संवाददाता। सात दिसम्बर को हुई महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने रास्ते से हटाने को प्रेमिका की हत्या कर शव नाले में फेंका था। पुलिस ने हत्यारोपी को जेल भेज दिया गया।

- हत्या कर सेमगढ़ा के सांधी नाले में फेंका था प्रेमिका का शव
- पति की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच कर रही थी पुलिस

इकौना थाना क्षेत्र के सेमगढ़ा गांव स्थित सांधी नाले में आठ दिसम्बर को अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराई लेकिन पहचान नहीं हो सकी थी। इस पर पुलिस की ओर से शव को मर्चरी हाउस में रखाया गया। दो दिन बाद 10 दिसम्बर को महिला के पति ने जिला अस्पताल पहुंच कर महिला की पहचान अपनी पत्नी के रूप में की थी। पति ने पुलिस को तहरीर देकर बाबू उर्फ विजय पासवान पुत्र राम बहादुर पासवान निवासी चिरैंधापुर थाना इकौना पर हत्या का आरोप लगाया।

पुलिस की गिरफ्त में मौजूद हत्या का आरोपी।

पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही थी। बुधवार को पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने महिला की हत्या करने वाले बाबू उर्फ विजय पासवान पुत्र राम बहादुर को पटहरिया पुल से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही विजय की निशानदेही पर मृतका का मोबाइल फोन बरामद कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि आरोपी ने जुर्म कुबूल करते हुए बताया कि मृतका का उसके साथ प्रेम सम्बन्ध चल रहा था। पारिवारिक कलह के कारण व महिला से छुटकारा पाने के लिए उसने हत्या कर दी और शव बाइक से ले जाकर सेमगढ़ा के पास नाले में फेंक दिया।

गिरफ्तारी टीम में एसओजी प्रभारी नितिन यादव, मुख्य आरक्षी अवनीश विक्रम सिंह, आरक्षी वीरेंद्र यादव, अभिषेक सिंह, रिषभ गौड़, सर्विलांस सेल से अभिषेक सिंह, इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार दूबे, मुख्य आरक्षी रामसिंह, आरक्षी सन्दीप यादव, आरक्षी प्रिन्स चौधरी आदि शामिल रहे।

25 हजार का अन्तर्जनपदीय इनामी शातिर चोर गिरफ्तार

श्रावस्ती। कोतवाली भिनगा की पुलिस व एसओजी टीम ने दो दिन पहले सेमरी चौराहे पर दुकानों से हुई चोरी का खुलासा किया है। टीम ने चोरी में शामिल अन्तर्जनपदीय शातिर चोर को गिरफ्तार किया। जिसके सिर पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

इकौना थाना क्षेत्र के मझौवा निवासी राघवेन्द्र प्रताप सिंह की कोतवाली भिनगा के सेमरी चौराहे पर मोबाइल की दुकान है। साथ ही बालानगर निवासी चंद्रिका प्रसाद की भी सेमरी चौराहे पर किराने की दुकान है। शनिवार की रात चोरों ने सेमरी चौराहे पर राघवेंद्र प्रताप सिंह की मोबाइल दुकान पर शटर तोड़ दिया और नौ स्मार्ट फोन, 20 कीपैड मोबाइल फोन, सीसी कैमरे का डिवाइस समेत अन्य सामान बटोर ले गए थे। साथ ही चंद्रिका प्रसाद के किराना की दुकान का शटर तोड़कर अन्दर घुसे थे और कैश काउंटर में रखे 10 हजार रुपये चुरा ले गए थे।